प्रेस नोट दिनांक 30.01.2025
थाना बारादरी जनपद बरेली

थाना बारादरी #bareillypolice द्वारा 02 अभियुक्तो को अवैध मादक पदार्थ कोकीन 817 ग्राम (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 04 करोड़ 85 हजार रूपये), एक स्वीफ्ट डिजायर कार व दो मोबाईल फोन सहित किया गिरफ्तार।

थाना बारादरी, बरेली पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक 29.01.2025 को डोहरा रोड रोहिलखण्ड यूनिवर्सिटी के पास से 02 अभियुक्त 1. **राज बहादुर सिंह पुत्र धर्म सिंह निवासी ग्राम मोहनपुर मण्डी धनौरा थाना बछरायू जिला अमरोहा उम्र करीब 38 वर्ष 2. चरन सिंह पुत्र चेतराम निवासी ग्राम मोहनपुर थाना बछरायूँ जिला अमरोहा हाल निवासी म०नं0 1188 गली नं0 44 न्यू करहेड़ा कालोनी थाना साहिबबाद जिला गाजियाबाद उम्र करीब 50 वर्ष** को एक अदद चार पहिया वाहन स्विफ्ट डिजायर व 817 ग्राम अवैद्य मादक पदार्थ कौकीन (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 04 करोड 85 हजार रूपये) सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 090/2025 धारा धारा 8/21/29 NDPS ACT पंजीकृत किया गया है। विधिक कार्यवाही कर अभियुक्तगणों को कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त –

1. राज बहादुर सिंह पुत्र धर्म सिंह निवासी ग्राम मोहनपुर मण्डी धनौरा थाना बछरायू जिला अमरोहा
2. चरन सिंह पुत्र चेतराम निवासी ग्राम मोहनपुर थाना बछरायूँ जिला अमरोहा हाल निवासी म०नं0 1188 गली नं0 44 न्यू करहेड़ा कालोनी थाना साहिबबाद जिला गाजियाबाद

अपराधिक इतिहास राज बहादुर सिंह पुत्र धर्म सिंह निवासी ग्राम मोहनपुर मण्डी धनौरा थाना बछरायू जिला अमरोहा

1. मु0अ0सं0- 90/2025 धारा 8/21/29 NDPS ACT थाना बारादरी बरेली ।
2. मु0अ0सं0- 0334/2018 धारा 406 भादवि थाना मण्डी धनौरा जनपद अमरोहा ।

अपराधिक इतिहास चरन सिंह पुत्र चेतराम निवासी ग्राम मोहनपुर थाना बछरायूँ जिला अमरोहा हाल निवासी म०नं0 1188 गली नं0 44 न्यू करहेड़ा कालोनी थाना साहिबबाद जिला गाजियाबाद

1. मु0अ0सं0- 90/2025 धारा 8/21/29 NDPS ACT थाना बारादरी बरेली ।

विवरण पूछताछः-

अभियुक्तगण से पूछताछ में जानकारी हुई कि यह माल जोकि काफी महंगा है, उन्हे पंजाब से एक सरनाम नाम के व्यक्ति ने लाकर दिल्ली में दिया था और उसके द्वारा उक्त माल को बरेली में देना था किसे देना था यह सरनाम ही तय करता। यह पूछने पर कि सरनाम से तुम्हारा परिचय कैसे हुआ, तो चरन सिंह ने बताया कि वह दिल्ली में ओला कम्पनी की तरफ से स्विफ्ट डिजायर गाडी चलाता है सरनाम कई बार दिल्ली आता जाता रहा और अक्सर हमारी गाडी बुक हो जाती थी। इसी दौरान परिचय हुआ। उसने कहा कि क्यू छोटे मोटे काम में पडे हो मेरा काम करो मालामाल हो जाओगे। तब मैंने पूछा कि क्या करना पडेगा तो उसने बताया था कि एक और साथी खोज लो केवल तुम्हे एक सामान दिया जायेगा, जिसे तुम्हे पंहुचाना होगा और बदले में तुम्हे काफी पैसा दुंगा। तब मैं उससे पूछा कि कौन सा सामान होगा तो उसने बताया था कि यह नया ड्रग्स है। जिसे कोई जानता नही है इसे अपनी गाडी में या कही भी छुपाकर तुम्हे बस लेकर जाना रहेगा। तब मैने उस काम के लिए हामी भरकर अपने साथी के रूप में गांव का रहने वाला भतीजा राम बहादुर को बताया तो वह भी तैयार हो गया और हम दोनो मिलकर उक्त सामान को लेकर पंहुचाने आये थे कि पकडे गये। जहां तक हम दोनो को जानकारी कि यह माल कोकीन है जो बहुत मंहगा है ।

बरामदगी

01. 817 ग्राम मादक पदार्थ कोकीन नाजायज
02. एक अदद स्वीफ्ट डिजायर कार नं0 UP 14 HT 9156
03. दो अदद मोबाईल फोन REDMI

गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरणः-

1. प्रभारी निरीक्षक धनंन्जय पाण्डेय थाना बारादरी बरेली ।
2. उ0नि0 राहुल पुण्डीर प्रभारी चौकी रूहेलखण्ड थाना बारादरी बरेली ।
3. उ0नि0 विवेक कुमार प्रभारी चौकी जगतपुर थाना बारादरी बरेली ।
4. हे0का0 769 राघवेन्द्र सिंह थाना बारादरी बरेली ।
5. हे०का 1097 धर्मेन्द्र सिहं थाना बारादरी बरेली ।
6. हे0का0 957 पुष्पेन्द्र राणा थाना बारादरी बरेली ।
7. हे0का0 960 मो0 असलम थाना बारादरी बरेली ।
8. का0 56 अवनीश कुमार थाना बारादरी बरेली ।